Model Set Paper - III

Ch-3

14/4/2020

विश्व राजनीति में अमेरिकी प्रभुत्व

Group - A

Objective type Questions

(1) कुवैत को किस राज्य के अवैध चंगुल से मुक्त कराया गया ?

Ans इराक

(2) एक-ध्रुवीयता की स्थिति किस देश की शक्ति की परिचायक है,

Ans संयुक्त राज्य अमेरिका।

(3) इराक ने कुवैत पर हमला कब किया ?

A 1990

Q4) किस देश ने 2003 में संयुक्त राष्ट्र संघ की उपेक्षा करके इराक पर आक्रमण किया ?

A अमेरिका

Q5) नाटो की स्थापना किस वर्ष की गयी,

Ans 1949.

Q6) परमाणु अप्रसार संधि पर किस देश ने हस्ताक्षर नहीं किया,

Ans भारत

Q7) नाटो में 1949 में कितने देश सम्मिलित थे,

Ans 15

Q8) इतिहास के अंत का सूत्र किसने दिया,

Ans फ्रांसिस फुकुयामा

Scanned with CamScanner

Page
Date

Q9) किस अमेरिकी राष्ट्रपति ने नयी विश्व व्यवस्था का चित्र प्रस्तुत किया,

Ans जॉर्ज बुश

Q10) किसने खुले द्वार की नीति अपनायी,

Ans चीन

Short Question

Q11) तालिबान कौन है,

Ans ये आतंकवादी है जिन्होंने पाकिस्तान के मदरसों में शिक्षण व प्रशिक्षण पाकर अफगानिस्तान पर कब्जा कर लिया तथा अब अन्य देशों में आतंकवादी गतिविधियाँ कर रहे हैं।

Q12) एक-ध्रुवीयता से आप क्या समझते हैं,

Ans अमेरिकी प्रभुत्व के कारण आज विश्व के सभी देश अमेरिका को देखकर अपनी कूटनीति का प्रयोग कर रहे हैं। इसे ही एक-ध्रुवीयता कहा जाता है।

Q13) 9/11 के हमले में कितने लोग मारे गए थे।

Ans 9/11 के हमले में लगभग 3 हजार लोग मारे गए थे।

Scanned with CamScanner

Q14) व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि का क्या सार है?

Ans) 1996 में संयुक्त राष्ट्र की महासभा द्वारा अपनाई गई इस संधि का उद्देश्य सभी प्रकार के परमाणु परीक्षणों को पूर्णतया वर्जित करना है।

Q15) ऑपरेशन इराकी फ्रीडम का क्या महत्व था?

Ans) 19 March 2003 को अमेरिका ने ऑपरेशन इराकी फ्रीडम के नाम से इराक पर हमला किया। इस हमले का उद्देश्य इराक को सामूहिक संहार के हथियार बनाने से रोकना था।

Q16) अन्तर्राष्ट्रीय आणविक ऊर्जा ~~एजेन्सी~~ एजेन्सी के उद्देश्य क्या है?

Ans) अन्तर्राष्ट्रीय आणविक ऊर्जा एजेन्सी वह संगठन है जो परमाणविक ऊर्जा के शान्तिपूर्ण प्रयोग को बढ़ावा देने और सैन्य उद्देश्यों में इसका इस्तेमाल को रोकने की कोशिश करता है।

Q17) इराक ने कुवैत पर आक्रमण कब किया और उस समय इराक का राष्ट्रपति कौन था?

Ans) 1990 में, सद्दाम हुसैन।

Page ____
Date ____

## Long questions

(Q18) प्रथम खाड़ी युद्ध के चार कारणों पर विचार करें।

Ans 1) अमेरिका ने विश्व के प्रत्येक क्षेत्र पर अपना वर्चस्व प्रदर्शित करने की रणनीति के तहत इस युद्ध में भाग लिया।

2) अमेरिका को अपनी सैन्य शक्ति या सैन्य वर्चस्व के प्रदर्शन का एक उचित अवसर प्रतीत हुआ।

3) अमेरिका की राजनीति में ऊर्जा के संसाधनों में विशेष रूप से तेल सम्पन्न क्षेत्रों में ही घूमती है। जब तेल साधनों से सम्पन्न कुवैत पर इराक ने अवैध कब्जा कर लिया तो उसने अमेरिका को इस तेल सम्पन्न क्षेत्र पर काबिज होने का बहाना दे दिया।

4) अमेरिका को यह युद्ध आर्थिक रूप से लाभकारी लगा क्योंकि इसमें प्रयोग होने वाले हथियारों का निर्माण अधिकांशतः अमेरिका रक्षा कम्पनियों ने किया।

(Q19) ऑपरेशन इन्फ्रीडम क्या था?

Ans. 11 Sept 2001 को इस्लामी कट्टरपंथी ने अमेरिका के दो नगर पर प्रहार करके

न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर पर तथा वर्जिनिया में पेन्टागन को बहुत भारी नुकसान पहुँचाया। इसके पीछे अलकायदा के नेता ओसामा बिन लादेन का हाथ होने की आशंका को व्यक्त किया गया। इसी हमले के जवाब में अमेरिका ने ऑपरेशन इन्डयूरिंग फ्रीडम चलाया।

(Q20) भारत और अमेरिका के सम्बन्ध को बतायें।

A(1) अमेरिका भारत के असैनिक प्रयोजनों हेतु परमाणु शक्ति को बढ़ाने का पक्षधर है।

(2) यह दोनो देश लोकतंत्र का समर्थन किया है।

(3) 1962 ई० मे चीन के आक्रमण के समय अमेरिका ने भारत को सैनिक सहायता दी है।

(4) भारत के विकास के लिए अमेरिका ने आर्थिक, तकनीकि व वैज्ञानिक सहायता दी है।

(5) अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर दोनो देश आतंकवादी हिंसा के शिकार हुए हैं। अतः दोनो देश इस बात पर एकमत हैं कि आतंकवाद को हर हाल मे समाप्त किया जाए।

—

Scanned with CamScanner